## खास खबरें

### एमपी नगर वाहन चोरी

**नप्र, भोपालः** मनोहर डेयरी के पास से राहुल अग्रवाल की होंडा बाइक एमपी04 एमके 9710 कीमत दस हजार चोरी हो गई। अज्ञात आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने धारा 303-2 बीएनएस में केस दर्ज कर प्रआर संजय को जांच सौंपी है।

### गांधीनगर वाहन चोरी

आशाराम चौराहे से रंजना शाहनी की एक्टिवा एमपी 04 पी3942 कीमत पंद्रह हजार चोरी हो गई। अज्ञात चोर वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने धारा 303-2 बीएनएस में केस दर्ज कर प्रआर द्वारका जांच कर रहे।

### शाहपुरा एक्सीडेंट

शाहपुरा मेन रोड पर लोडिंग एमपी04 वायडी 8674 के चालक ने तेज रफ्तार में प्रीती चनसोवनया को टक्कर मार दी। हादसे में प्रीती घायल हुई। पुलिस ने धारा 281 बीएनएस में केस दर्ज कर उवन शेषराम जांच कर रहे।

### एमपी नगर एक्सीडेंट

चेतक ब्रिज पर कार एमपी 04 वायटी 8827 के चालक ने लापरवाही से सुमित विसमरई को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 281, 125ए बीएनएस में केस दर्ज कर प्रआर प्रमोद सिंह जांच में जुटे।

### छोला मंदिर एक्सीडेंट

भानपुर में कार एमपी 04वायसी 4329 के चालक ने तेज गति से लोकेश कुमार गौतम को टक्कर मार दी। हादसे में लोकेश घायल हुए। पुलिस ने धारा 281 बीएनएस में केस दर्ज कर सउवन जगतपाल कार्रवाई कर रहे हैं।

### मिसरोद आर्म्स एक्ट

मिसरोद मेन रोड पर पुलिस ने बागसेवनिया निवासी शुभम सुमन अठारह साल को अवैध छुरी के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25 के तहत केस दर्ज कर उवन गुप्ता ने कार्रवाई की है। वही मिसरोद मेन रोड पर पुलिस ने दीपक ठाकुर बाइस साल को अवैध छुरी रखते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से छुरी जब्त की गई।

### कटाराहिल्स आबकारी

कटाराहिल्स में रहीम पुरी को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पुलिस ने पकड़ा। आरोपी के खिलाफ 36 बी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालानी कार्रवाई की गई है।

### हनुमानगंज आबकारी

हनुमानगंज क्षेत्र में लवलित गौर को सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 36 बी आबकारी एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

### हनुमानगंज आबकारी

हनुमानगंज में सुरेन्द्र धाकड़ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े गए। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 36 बी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान बनाया है।

### मिसरोद मर्ग

मिसरोद स्थित निरुपम रायल टावर में अंजली सोनी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और 194 बीएनएसएस में मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू की। वहीं मिसरोद में नेहा विश्वकर्मा को ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक लाख छब्बीस हजार रुपये ठग लिए।



राजधानी में मोहर्रम की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही है। मंगलवारा स्थित किन्नरों के डेरेमें ताजिये को अंतिम रूप देते कलाकार।

# मोबाइल लुटेरे गैंग का किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार






**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** थाना अयोध्यानगर पुलिस ने मोबाइल लूट और झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक सक्रिय गैंग का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न क्षेत्रों से लूटे गए 22 मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 4 स्पोर्ट्स बाइक बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी स्पोर्ट्स बाइक का उपयोग कर राह चलते लोगों को निशाना बनाते थे। विशेष रूप से वे हाथ में मोबाइल लेकर चलने वाले व्यक्तियों को टारगेट करते थे। वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी अपनी मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट बदल लेते थे, जिससे उनकी पहचान न हो सके।

पुलिस ने आरोपियों से थाना अयोध्यानगर, पिपलानी सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से छीने गए कुल 22 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त केटीएम, पल्सर 200 एनएस, चोरी की होंडा शाइन तथा आर15 मोटरसाइकिल सहित लगभग 11 लाख रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया गया है। पुलिस उपायुक्त जोन-2 विकास सहवाल के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जांच के दौरान आरोपियों से थाना टीला और अयोध्यानगर क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अधिक पैसा कमाने और अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस की पूछताछ और जांच में अब तक अयोध्यानगर, पिपलानी, गोविंदपुरा, हबीबगंज, बागसेवनिया और टीला थाना क्षेत्रों की कुल 12 घटनाओं का खुलासा हुआ है।

## वन्दनम् सिंगर ग्रुप का सिंगिंग कार्यक्रम सम्पन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वन्दनम् सिंगर ग्रुप व्दारा सिंगर हाल राजीव नगर में कराओके संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. ज्ञान चन्द्र रावतानी तथा विशष्टि अतिथि श्रीमती सुरंगमा सक्सेना थी।

एन्करिंग राजेन्द्र बिरोले ने की एड. सुभाष चन्द्र सक्सेना, संरगमा तथा यागेशजी तीनो के व्दारा सामूहिक 'सूरज कब दूर गगन से चन्दा कब दूर पवन से ' गाया। मशहूर गायक कुलदीप ने मुकेश नगमें सुनाये, डा. रुचि श्रीवास्तव ने ' रहे ना रहे हम ' की सुन्दर प्रस्तुती दी। इसी कार्यक्रम में अन्य सिंगर थे, दलेश श्रीवास्तव, इशा खान, डा. दलवीर सिंह, तुलसा राज, संचय पंन्डोर, योगेश सक्सेना, संजय पेन्डोर, लालसिंग सरगम, मोहन दास, दिलीप कुमार लोखंडे, राजेश मालवीय, मनीष सक्सेना, मनीराम दास, सुरेन्द्र शर्मा, सुधा गोरे, जीवनलाला शुक्ला, शिवाजी अहीरे, विनोद त्रिवेदी, समीर भोपाल, पूनम मालवीय, दीपक सोहानी। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट सुभाष चन्द्र सक्सेना द्वारा किया गया।

## मां की दवाई गलती से खाने के बाद युवती की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में एक दर्दनाक घटना में एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पेट दर्द से परेशान युवती ने गलती से अपनी मां की दवा खा ली थी, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार युवती को दोपहर के समय पेट दर्द की शिकायत हुई थी। दर्द से राहत पाने के लिए उसने घर में रखी दवाओं में से एक गोली खा ली। बाद में परिजनों को पता चला कि जिस दवा को उसने दर्द की दवा समझकर लिया था, वह उसकी मां द्वारा उपयोग की जाने वाली डायबिटीज की दवा थी। दवा लेने के कुछ समय बाद युवती की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उसे चक्कर आने लगे और उल्टी की शिकायत हुई। हालत गंभीर होने पर परिजन तत्काल उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया।

हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। चिकित्सकों का कहना है कि बिना चिकित्सकीय सलाह के किसी भी दवा का सेवन करना खतरनाक साबित हो सकता है।



## डॉ. नीना छिब्बर को अभा साहित्य चेतना सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साहित्यकार डॉ. नीना छिब्बर को उनकी लघुकथा कृति 'सतोलिया' के लिए अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान चेतना मध्यप्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संस्था, गाडरवारा के 18वें वार्षिक अधिवेशन में प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने की। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र, शाल, स्मृति चिन्ह, नकद राशि तथा मौली रुद्राक्ष माला भेंट की गई।

## पुस्तकों का महत्व कभी समाप्त नहीं होगा : परमार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि प्रामाणिक ज्ञान, शोध और संदर्भ सामग्री के लिए पुस्तकों की आवश्यकता सदैव बनी रहेगी।

उन्होंने मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने और उनकी ऑनलाइन उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मंत्री परमार सोमवार को भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के 56वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अकादमी की 55 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण और सुलभ मूल्य की पुस्तकों के प्रकाशन में अकादमी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से सुझाव प्राप्त कर पुस्तकों में समयानुकूल सुधार और संशोधन करने की आवश्यकता भी बताई।

कार्यक्रम में मंत्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पुस्तक निर्माण को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तक लेखन एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है और इसमें भारतीय चिंतन एवं मूल्यों का समावेश होना चाहिए।

# भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने मनाया 21वां स्थापना दिवस



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन से संबद्ध भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) ने मंडीदीप स्थित अनंत स्पिनिंग मिल्स में अपना 21वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में प्रबंधन पेशेवरों, उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और बीएमए सदस्यों ने भाग लिया।


बीएमए अध्यक्ष राजेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में संस्था की उपलब्धियों और सदस्यों के योगदान की सराहना की। मानद सचिव शंकर कृष्णन ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि दीपक मित्तल ने नेतृत्व विकास, कर्मचारी संतुष्टि और कार्य-जीवन संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट वक्ता राजीव अंगरा और आर.के. सिंह ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा तथा विकसित भारत के विजन पर विचार रखे। संस्थापक अध्यक्ष भरत पटेल ने इंडस्ट्री चैप्टर गठन का सुझाव दिया, जबकि डॉ. राजीव अग्रवाल ने बीएमए की भावी कार्ययोजना प्रस्तुत की। जी.एस. यादव ने औद्योगिक एवं सड़क सुरक्षा तथा डॉ. सौरभ शर्मा ने अंगदान के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन शंकर कृष्णन और पूजा जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मनोज झा ने प्रस्तुत किया।

## इलाज से बेहतर है बीमारियों से रोकथाम : शिल्पा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** दैनिक जीवन में खान-पान की खराब आदतें और असंतुलित जीवनशैली ही आज अधिकांश गंभीर बीमारियों का मुख्य कारण बन रही हैं। ऐसे में अनियमित दिनचर्या को सुधारकर और बीमारियों के प्रति जागरूक रहकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। यह विचार सिंधी मेला समिति द्वारा शिवाजी नगर स्थित सिंधु भवन में आयोजित 'रोग निवारण शिविर' एवं सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त किए गए। सिंधु भवन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना और जटिल शारीरिक समस्याओं का निवारण करना था। सेमिनार में डायटीशियन शिल्पा ताम्रकार ने कहा कि आज के दौर में अनियमित जीवनशैली के कारण बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को संतुलित, सात्विक और प्राकृतिक आहार अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि सही पोषण के जरिए ही बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी.ए. हरीश तोलानी और डॉ. मधुरा कुलकर्णी ने भी स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर अपने अनुभव और महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

# नगर निगम के ट्रक में लगी भीषण आग शॉर्ट सर्किट से केबिन जलकर खाक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के व्यस्त एमपी नगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नगर निगम के एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में ट्रक का केबिन धू-धू कर जलने लगा।

घटना के दौरान चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सड़क पर चल रहा था, तभी उसके केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल गया और पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क पर आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर एकत्र हो गए। कई लोगों ने पानी की बोतलें और बाल्टियां लाकर आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण उस पर काबू नहीं पाया जा सका।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक ट्रक का केबिन पूरी तरह जल चुका था। आग लगने के दौरान कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित रहा।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि संबंधित ट्रक जोन-13 का था और नियमित रूप से कचरा संग्रहण कार्य के लिए निकला था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। तकनीकी टीम को विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं ताकि वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने अपने सभी वाहनों की तकनीकी जांच कराने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि वाहनों की वायरिंग, बैटरी सिस्टम और फायर सेफ्टी उपकरणों की विशेष जांच कराई जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पिछले कुछ समय में नगर निगम और अन्य सरकारी वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रही हैं। फिलहाल राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। नगर निगम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हनुमानगंज धमकी

**नप्र, भोपालः** हनुमानगंज में अरुण त्रिवेदी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 351-3, 352 बीएनएस में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## कौशल आधारित शिक्षा से ही साकार होगा आत्मनिर्भर भारतः श्रीराम आरावकर



**नप्र, भोपालः** पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की तीन दिवसीय 'कौशल बोध मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला' का शुभारंभ हुआ।

22 से 24 जून तक आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों और विद्यालयों से आए लगभग 100 शिक्षक एवं प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यालयों में कौशल आधारित शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स तैयार करना है। मुख्य अतिथि विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीराम आरावकर ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, सक्षम और समाजोपयोगी बनाना है। अध्यक्षता कर रहे सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जीवनोपयोगी शिक्षा का मार्गदर्शक बताते हुए कौशल, कला और शारीरिक शिक्षा के समन्वय पर बल दिया।

## जनसेवा पैनल के माधु अध्यक्ष, झूलेलाल सेवा के शेरू उपाध्यक्ष, राऊ महासचिव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** पूज्य सिंधी पंचायत, संतनगर के त्रिवार्षिक चुनाव के नतीजों में जहां जन सेवा पैनल के 10 वहीं झूलेलाल सेवा पैनल के दो उम्मीदवार विजयी घोषित हुए हैं। रविवार देर रात चुनाव परिणाम आए। माधु चांदवानी अध्यक्ष चुने गए हैं, लेकिन साबू रीझवानी के बेटे शेरु रीझवानी जो झूलेलाल सेवा पैनल से मैदान में थे उपाध्यक्ष चुने गए। इसी पैनल के राऊ वाधवानी महासचिव निर्वाचित हुए हैं। चांदवानी को एक उपाध्यक्ष और महासचिव का पद जाना बड़ा झटका रहा। संतनगर सिंधी पंचायत में चार हजार से मतदाता थे, लेकिन केवल 52 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 299/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 22.06.2026

**अल्पावधि निविदा सूचना 248/2026_STDC_517029_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :-** कुशाभाउ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल के रूफ टॉप पर टेंसाइल फैब्रिक रूफिंग का कार्य। **(01 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 75.99 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/126507/2026

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.**

क्रमांक / निविदा/2026/14239 राजगढ़, दिनांक 16/06/2026

**द्वितीय-निविदा सूचना**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ अंतर्गत वित्तीय वर्ष वित्तीय बर्ष 2026-27 एवं 2027-28 हेतु विभिन्न राष्ट्रीय कार्यकम अंतर्गत प्रशिक्षण एवं कार्यशाला हेतु भोजन, चाय, नाश्ता एवं आवासीय व्यवस्था एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यकमों हेतु मोबिलिटी सपोर्ट सर्विस एजेन्सी चयन हेतु एवं विभिन्न कार्यक्रमों हेतु स्टेशनरी एवं मुद्रण एवं आई.ई.सी. (फ्लेक्स, बैनर रजिस्टर मुद्रण आदि) एवं कम्प्यूटर प्रिन्टर्स मेन्टीनेन्स व सामग्री कय ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र, म.प्र. शासन के ई-पोर्टल की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। विवरण निम्न है।

1. राष्ट्रीय कार्यकम प्रशिक्षण एवं कार्यशाला हेतु भोजन, चाय, नाश्ता एवं आवासीय व्यवस्था, उपलब्ध कराने के संबंध मे।
2. विभिन्न राष्ट्रीय कार्यकमों हेतु मोबिलिटी सपोर्ट सर्विस हेतु एजेन्सी चयन के संबंध मे।
3. विभिन्न राष्ट्रीय कार्यकमों हेतु स्टेशनरी एवं मुद्रण एवं आई.ई.सी. (फ्लेक्स, बैनर रजिस्टर मुद्रण एवं स्टेशनरी आदि) उपलब्ध कराने के संबंध में।
4. कम्प्यूटर प्रिन्टर्स मेन्टेनेन्स एवं अन्य सामग्री कय के संबंध में।
निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000/- (रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर अलग अलग प्राप्त किया जा सकता है। इस विज्ञापन के पश्चात अलग से कोई सूचना अथवा विज्ञापन नहीं दिया जावेगा।

**E-Tender Key Dates**

| | |
|---|---|
| E-Published Date & Time | 24-06-2026, 11:00 AM |
| Tender Purchasing Opening Date & Time | 24-06-2026, 12:00 AM |
| Bid Submission Opening Date & Time | 24-06-2026, 01:00 PM |
| Bid Submission Closing Date & Time | 07-07-2026, 05:30 PM |
| Tender Opening Date & Time (Technical) | 08-07-2026, 01:00 PM |

तकनीकी निविदाएं दिनांक 17.03.2026 सांय 5.30 बजे आनलाइन जमा किये जावेगें। दर्शाई गई दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले अभिलेखों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, विलम्ब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी http:/mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है। इस निविदा में से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट पर अपलोड किया जावेगा, इसके लिए पृथक से कोई सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदाएँ बगैर कारण बतायें निरस्त की जा सकती है।

जी-14744/26

**(डॉ. शोभा पटेल)**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला राजगढ म.प्र**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, निशातपुरा, नारियलखेड़ा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 1 मण्डल द्वारा (1) श्रीमती शैलजा झाड़े पत्नी श्री डी. जी. झाडे, पुत्री स्व. श्री हरिभाऊ देशपाण्डे (2) श्रीमती अलका चऊत्रे पत्नी श्री वसंत चऊत्रे, पुत्री स्व. श्री हरिभाऊ देशपाण्डे (3) श्रीमती चित्रा पिंगले पत्नी श्री शिरीष पिंगले, पुत्री स्व. श्री हरिभाऊ देशपाण्डे (4) श्रीमती अरूणा चाटे पत्नी श्री संजय चाटे, पुत्री स्व. श्री हरिभाऊ देशपाण्डे के नामों से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन आदेश दिनांक 21/01/1985 को किया गया है। (1) श्रीमती शैलजा झाड़े (2) श्रीमती अलका चऊत्रे (3) श्रीमती चित्रा पिंगले (4) श्रीमती अरूणा चाटे द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री आदित्य भार्गव आत्मज श्री जी. के. भार्गव के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। हस्तांतरणकर्ता/हस्तांतरणग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री आदित्य भार्गव आत्मज श्री जी. के. भार्गव के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

687